# उप्र को अक्षय ऊर्जा का केंद्र बनाने के लिए समझौता

उत्तर प्रदेश को अक्षय ऊर्जा का केंद्र बनाने के लिए राज्य सरकार की तरफ से मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने स्मार्ट एनर्जी काउंसिल आफ आस्ट्रेलिया और हिंदुजा समूह के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। मुख्य सचिव ने बताया कि यह एमओयू उत्तर प्रदेश को अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में निवेश और कुशल कार्यबल विकास के केंद्र में बदलने में सहायक सिद्ध होगा।

मंगलवार को समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर के बाद मुख्य सचिव ने कहा कि उत्तर प्रदेश 22,000 मेगावाट सौर ऊर्जा क्षमता प्राप्त करने के लक्ष्य पर काम कर रहा है। यह एमओयू निवेश के अवसरों को सुविधाजनक बनाकर भारत के 500 गीगावाट अक्षय ऊर्जा क्षमता के लक्ष्य को प्राप्त करने में सहायक होगा।

वहीं हिंदुजा समूह के वरिष्ठ सलाहकार डा. सुनील के चड्ढा ने कहा कि समूह की सहायक कंपनी हिंदुजा रिन्यूएबल्स उत्तर प्रदेश में अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है।